जनपद हमीरपुर

दिनांक 03.11.2026

अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड/पुलिस लाइन का निरीक्षण किया गया।

आज दिनांक 03.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक,जनपद हमीरपुर द्वारा मंगलवार की परेड, पुलिस लाइन हमीरपुर का निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में-

◆ साप्ताहिक मंगलवार परेड की सलामी लेकर निरीक्षण किया गया तथा अनुशासन एवं एकरूपता बनाए रखने हेतु टोलीवार ड्रिल कराई गई।

◆ पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ एवं फिट बनाए रखने के उद्देश्य से दौड़ लगवाई गई।

◆ दंगा नियंत्रण उपकरण एवं शस्त्र अभ्यास के संबंध में पुलिसकर्मियों को विधिवत प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा अभ्यास के दौरान आवश्यक सावधानियों एवं कार्यवाही के संबंध में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया।

◆ पुलिस लाइन आदेश कक्ष में ओ0आर0 कर संबंधित अभिलेखों का निरीक्षण किया गया तथा विभिन्न विभागीय प्रकरणों का निस्तारण किया गया।

◆ रिजर्व पुलिस लाइन परिसर का भ्रमण कर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया गया एवं संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन्स हमीरपुर व अन्य संबंधित पुलिसकर्मी मौजूद रहे।








